बिहार विधान परिषद्

188वां सत्र

तारांकित प्रश्न

वर्ग – 1

28 फाल्गुन, 1939 (श.)

सोमवार, तिथि --------------------------------

19 मार्च, 2018 ई.

प्रश्नों की कुल संख्या – 20

1.	ग्रामीण कार्य विभाग	....	....	12
2.	पंचायती राज विभाग	....	....	01
3.	कृषि विभाग	....	....	03
4.	पथ निर्माण विभाग	....	....	03
5.	पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग	....	....	01

		कुल योग –		**20**

नाला का निर्माण

* 300. **श्री चन्देश्वर प्रसाद** : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य में निर्माण की जाने वाली सड़कों के साथ-साथ पक्का नाला निर्माण करने की व्यवस्था की गई है;

(ख) क्या यह सही है कि पटना जिला के सम्पतचक प्रखंडान्तर्गत नयाचक मौजा में अवस्थित सुषमा कॉम्प्लेक्स के सामने पूरब की ओर जाने वाली कच्ची सड़क को नाला रहित पी.सी.सी. सड़क एवं शिवकुमार साव के घर होते हुए दक्षिण से उत्तर की ओर फोर्ड हॉस्पीटल तक जाने वाली तेतर पथ को नाला रहित पी.सी.सी. सड़क निर्माण की गई है तथा इसी पथ के बीच में बाल कुंवर नगर कॉलोनी में कच्ची सड़क बनी हुई है जिससे सड़क पर एवं उक्त सड़क के आस-पास वर्षा का पानी और घर से निकला गंदा पानी से जल-जमाव बना हुआ है, जबकि पटना बाइपास रोड से दक्षिण क्षेत्रों के जल-जमाव की निकास हेतु बादशाही नाला फोर्ड हॉस्पीटल से सटे दक्षिण से गुजरती है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त सड़क पर एवं इसके आस-पास जल-जमाव की जानकारी संबंधित सक्षम पदाधिकारियों को है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बताना चाहती है कि खंड 'क' पर अंकित सड़क के किनारे-किनारे नाला किस परिस्थिति में नही बनाई गई है ?

जन प्रतिनिधियों की भागीदारी

* 301. **श्री सुबोध कुमार** : क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य में पंचायतों के चुनाव हुए 2 वर्ष से अधिक हो चुके हैं;

(ख) क्या यह सही है कि दो वर्ष से अधिक हो जाने के बाद भी अभी तक पंचायतों में जनप्रतिनिधियों के विकास निधि का पैसा खर्च करने का अधिकार नहीं दिया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि प्रतिनिधियों को विकास राशि का पैसा खर्च करने का अधिकार नहीं दिए जाने के कारण पूरे राज्य के पंचायतों में विकास कार्य ठप है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पंचायतों के समुचित विकास हेतु पंचायती राज प्रतिनिधियों को विकास हेतु राशि खर्च करने का अधिकार देना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

पुल का निर्माण

* 302. **श्री आदित्य नारायण पाण्डेय** : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिला अन्तर्गत कुचायकोट प्रखंड के सासामुसा चीनी मिल के नजदीक से निकलकर सासामुसा मिश्र टोला होते हुए खजुरी तक जाने वाले पथ का निविदा हो चुका है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथ के सासामुसा बाजार से सासामुसा मिश्र टोला के बीच दाहा नदी गुजरती है जिस पर पुल नहीं है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त पथ के निर्माण होने के बाद दाहा नदी पर पुल नहीं बनने के कारण उस पथ का समुचित लाभ क्षेत्रवासियों को नहीं मिलेगा;

(घ) क्या यह सही है कि दाहा नदी पर पुल निर्माण नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में सासामुसा मिश्र टोला के ग्रामीणों को सासामुसा बाजार आने के लिए 5 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ेगी;

(ङ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त पथ के बीच पुल का निर्माण कब तक कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

* 303. **श्री राजन कुमार सिंह** : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज प्रखंड के अकौनी मोड़ से भदूकी कला, भाया-सिमरहुआ बांके बिगहा, बेलदार बिगहा तक का सड़क निर्माण नहीं किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क नहीं बनने से ग्रामीणों को आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क का कब तक निर्माण कराना चाहती है ?

आधुनिक कृषि पद्धति

* 304. **प्रो. नवल किशोर यादव** : क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य के किसान कृषि पर निर्भर हैं लेकिन बाढ़ एवं सुखाड़ में उनकी खेती मारी जाती है और उसकी क्षतिपूर्ति के लिए किसानों को प्रखंड से जिला तक की दौड़ लगानी पड़ती है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के किसानों को उन्नत खेती और आधुनिक संयंत्रों से जुड़ी जानकारी का अभाव है जिसके कारण किसानों को खेती में मेहनत के मुताबिक फसलें नहीं मिल पाती हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के प्रभावित किसानों को बाढ़ एवं सुखाड़ की स्थिति में विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई कर उन्हें समय पर मुआवजा राशि देने एवं उन्नत खेती के लिए सघन अभियान चलाकर उन्नत बीज एवं आधुनिक संयंत्रों से जुड़े महत्वपूर्ण जानकारी दिलवाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

पथ का निर्माण

* 305. **श्री संजय प्रसाद** : क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि लखीसराय जिला अंतर्गत एन.एच.-80 से रामपुर से श्रृंगेरी ऋषि तक पी.डब्ल्यू.डी. से सड़क निर्माण कराये जाने का निर्णय माननीय मुख्यमंत्री, बिहार की 24.5.2016 की समीक्षा बैठक में लिया गया था, लेकिन आजतक इस सड़क का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग से लेकर पथ निर्माण विभाग द्वारा नहीं कराया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि श्रृंगेरी पहाड़ से सात प्रकार का गर्म जल लगातार धारा प्रवाह निकलते रहता है और वहां काफी संख्या में पर्यटकों का आवागमन रहता है, जिन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो माननीय मुख्यमंत्री के निर्णय के अनुरूप उक्त सड़क को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग में लेकर सरकार शीघ्र निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

पुल का निर्माण

* 306. **श्री राधाचरण साह** : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर जिला के तरारी प्रखंड में ग्राम नारायणपुर देव के बीच बनास नदी है;

(ख) क्या यह सही है कि ग्राम नारायणपुर और देव के बीच पुल नहीं रहने के कारण आने-जाने में ग्रामीण जनता को काफी कठिनाई होती है और वर्षात के समय बनास नदी को पार करने में ग्रामीण डूब भी जाते हैं;

(ग) क्या यह सही है कि बनास नदी में पुल बन जाने से दर्जनों गांव के ग्रामीण को तरारी प्रखंड मुख्यालय जाने में सहुलियत होगी;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ग्रामीण जनता की कठिनाई को देखते हुए ग्राम नरायणपुर देव के बीच बनास नदी पर पुल कब तक बनाना चाहती है, ?

सड़क का निर्माण

* 307. **श्री नीरज कुमार** : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत एकंगरसराय प्रखंड के तेल्हाड़ा पंचायत में एन.एच.-110 कठारपुल से सूर्य मंदिर तक पक्की सड़क का निर्माण आवश्यक है;

(ख) क्या यह सही है कि उत्खनन का कार्यारंभ मुख्यमंत्री की उपस्थिति में किया गया था तथा यह सड़क पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक ?

सड़क की मरम्मती

* 308. **श्री राजेश राम** : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिले के प्रखंड बगहा-1 अन्तर्गत ग्राम कपरधिका से जुड़ा पुल तक त्रिवेणी मुख्य नहर के बांध निर्मित आर.डब्ल्यू.डी. सड़क जर्जर होने के कारण आम जनता को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त वर्णित जर्जर सड़क को जनहित में मरम्मत कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

नए पुल का निर्माण

* 309. **श्री जावेद इकबाल अंसारी** : क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि बांका जिले के बांका प्रखंड अन्तर्गत डॉडा पंचायत के डकरा नदी के घरनियां घाट के पास नदी पर पुल नहीं रहने के कारण डॉडा पंचायत के दर्जनों गांवों के लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में डकरा नदी पर नए पुल निर्माण का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

पथ की मरम्मती

*310. **श्री दिलीप राय** : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रुन्नी सैदपुर प्रखंड के डंगवारा करही पुल से पूर्व मुखिया रामसंजोग राय के घर तक की लगभग सात किलोमीटर की सड़क की स्थिति काफी जर्जर एवं दयनीय अवस्था में रहने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त पथ की मरम्मती एवं कालीकरण कराकर आवागमन सुचारु कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

* 311. **श्री केदार नाथ पाण्डेय** : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के मंझौलिया प्रखंड के अन्तर्गत कुडि़या हरिजन टोला वार्ड नं.-10 से मझरिया पंचायत के परसोतीपुर गांव तक की सड़क, वार्ड नं.-9 आलमगंज बाजार के ईदगाह से पासवान टोला होते हुए शुकलई पुल जबकढिया पंचायत के सीमा तक की सड़क वार्ड नं.-14 में पुलतुरवा डोमटोली जशीराहा होते हुए आमवा मझार पंचायत के सीमा तक की सड़क वार्ड नं.-14 में शूकल महतो के घर से जाने वाली शिव मंदिर होते हुए सामुदायिक भवन तक की सड़क एवं वार्ड नं.-14 में ही सीताराम भगत के मठ से उत्तर विनोद तिवारी के बगीचा होते हुए पैठान पही तक की सड़क की स्थिति जीर्ण-शीर्ण हो चुकी है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सार्वजनिक हित में क्या सरकार प्राथमिकता के आधार पर वर्णित सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

सड़क की मरम्मत

* 312. **श्री सोनेलाल मेहता** : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि खगडि़या जिले के मानसी प्रखंड अन्तर्गत खुटिया ग्राम के पांच कि.मी. से घरारी ग्राम जाने वाली सड़क की स्थिति अत्यन्त ही जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित सड़क का रख-रखाव पिछले 10 वर्षों से नहीं कराया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में वर्णित सड़क मरम्मत कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*313. **श्री सच्चिदानन्द राय** : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत प्रखंड जलालपुर में ग्राम खोरोडीह से टड़गां जाने वाली सड़क में तेल नदी पर पुल नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त नदी पर पुल निर्माण नहीं होने से करीब दर्जनों गांवों के लोगों का आवागमन बाधित है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी पर पुल निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*314. **श्री सतीश कुमार** : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कोटवा प्रखंड के अहिरौलिया पंचायत में चारों तरफ सड़क का निर्माण कराया गया है परंतु अतिपिछड़ा टोला तुरहापट्टी में शर्मा साह के घर से हिरामन साह के घर होते हुए रामचंद्र सिंह के घर तक पक्की सड़क का निर्माण छोड़ दिया गया है जिसके कारण बरसात के मौसम में अतिपिछड़ों का जीना मुश्किल हो जाता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार तुरहापट्टी अतिपिछड़ा टोला में लगभग 1000 फीट उक्त पथ का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

समेकित कृषि नीति

*315. **श्री सी. पी. सिन्हा** : क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि राज्य में समेकित कृषि प्रणाली को किसानों के बीच लोकप्रिय बनाने की योजना के तहत छोटी जोत वाले किसानों के लिए दो मॉडल बनाये गए जिससे किसानों को परम्परागत फसल के साथ बागवानी, पशुपालन, बकरी पालन एवं मछली पालन भी कर सकें;

(ख) क्या यह सही है कि सरकार ने भारतीय कृषि अनुसंधान द्वारा विकसित मॉडल को भी अपनाने की पहल की थी, योजना में उन किसानों को प्राथमिकता देनी थी जो पहले से बकरी व मछली पालन में लगे हों;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार छोटे किसानों (जोत करने वाले) के जीविकोपार्जन के साथ-साथ जरूरतों को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण समेकित कृषि प्रणाली को लागू करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*316. **श्रीमती रीना देवी** : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत बिहार शरीफ के मुहल्ला महल पर से हरगांव-तेतरावां तक जाने वाली सड़क अत्यंत जर्जर तथा पूरी सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क से लगभग 40 गांव के लोग जिला मुख्यालय बिहार शरीफ प्रतिदिन आते-जाते हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में खंड 'क' में वर्णित सड़क का निर्माण/मरम्मती अतिशीघ्र कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

पथ का चौड़ीकरण

*317. **श्री राजकिशोर सिंह कुशवाहा** : क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि एन.एच.-104 कुम्मा चौक (सीतामढ़ी) से लालबंदी (नेपाल सीमा) पथ तक जाने वाली पच्चीस कि.मी. की आर.ई.ओ. सड़क पर यातायात का भारी दबाव रहता है तथा सड़क पतली होने के कारण आवागमन में कठिनाई होती है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथ जर्जर एवं क्षतिग्रस्त रहने के कारण आवागमन अवरुद्ध रहता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पथ को पथ निर्माण विभाग द्वारा अधिग्रहण कर मरम्मती एवं चौड़ीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

कृषि कर्मशाला पुनरुद्धार

* 318. **प्रो. संजय कुमार सिंह** : क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि लखीसराय जिला में कृषि कार्यालय के निकट सरकारी अनुदान प्राप्त कृषि उपकरणों के निर्माण एवं मरम्मती के लिए निर्माण कर्मशाला का निर्माण किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त गोदाम एवं कर्मशाला का उपयोग निजी विद्यालय के छात्रावास के रूप में किया जा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कृषि गोदाम एवं कर्मशाला का उपयोग कृषि विभाग कार्य के लिए अपने अधीन करना चाहती है ?

पशु चिकित्सालय का पुनरुद्धार

*** 319. श्री रजनीश कुमार** : क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिले के मझौल अनुमंडल में साठ वर्ष पूर्व प्रथम श्रेणी का पशु चिकित्सालय स्थापित किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि चिकित्सालय की बदहाली के कारण अब एक भी पशुपालक मवेशी का इलाज कराने नहीं आते हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बदहाल पशु चिकित्सालय में बेहतर व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

पटना
दिनांक 19 मार्च, 2018 ई.

सुनील कुमार पंवार
सचिव
बिहार विधान परिषद्